जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तरीय

# संस्कृत प्रतिभा खोज

एवं

# संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति

## परिचय पुस्तिका




आयोजक : उत्तर-प्रदेश संस्कृत-संस्थानम्, लखनऊ

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की स्थापना शासकीय आदेश संख्या 10491/चार–7 (1)/76 दिनांक 31.12.76 द्वारा संस्कृत, पालि एवं प्राकृत भाषाओं एवं उनके साहित्य के समुचित संरक्षण, प्रोत्साहन एवं विकास के लिए 31 दिसम्बर 1976 को की गयी। पूर्व में इस संस्थान का नाम उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी था। सम्प्रति संस्थान का कार्यालय लखनऊ के नया हैदराबाद में राय बिहारीलाल मार्ग पर संस्कृत भवन में स्थित है। संस्थान की समस्त गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा शत–प्रतिशत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह भाषा विभाग के अधीन कार्यरत है।

राज्य सरकार द्वारा संस्थान की नियमावली के अनुरूप संस्थान की सामान्य परिषद् में राज्य सरकार द्वारा मनोनीत, पदेन सदस्यों सहित कुल 25 सदस्य होते हैं। संस्थान की समस्त गतिविधियों का संचालन कार्यकारिणी समिति/सामान्य परिषद् के निर्देशानुसार किया जाता है।

**उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के उद्देश्य**

1. संस्कृत भाषा तथा उसके साहित्य का संरक्षण करना, उसे प्रोत्साहित करना तथा उसका विकास।
2. संस्कृत, पालि और प्राकृत के हस्तलिखित, दुर्लभ और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का तथा संस्कृत शिक्षण से सम्बन्धित आवश्यक पुस्तकों का प्रकाशन करना।
3. संस्कृत की वैज्ञानिक तथा अन्य महत्वपूर्ण कृतियों के हिन्दी और अन्य दूसरी भाषाओं में अनुवाद और उनके प्रकाशन की व्यवस्था करना।
4. संस्कृत लेखकों की महत्वपूर्ण कृतियों के प्रकाशन में सहायता देना।
5. संस्कृत लेखकों की प्रकाशित उत्कृष्ट कृतियों पर पुरस्कार देना।
6. संस्कृत भाषा एवं साहित्य के वृद्ध तथा विपन्न विद्वानों को आर्थिक सहायता देना।
7. संस्कृत भाषा के उच्च अध्ययन के निमित्त निर्दिष्ट अवधि के लिये सुविधायें एवं आर्थिक सहायता प्रदान करना।
8. संस्कृत वाङ्मय के विभिन्न पक्षों पर अधिकारी विद्वानों के भाषण आयोजित करना।
9. विशिष्ट कोटि के संस्कृत के विद्वानों और साहित्यकारों को पुरस्कृत एवं सम्मानित करना।
10. संस्कृत भाषा और साहित्य के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित गोष्ठियाँ, कवि सम्मेलन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करना।
11. संस्कृत पत्रिकाओं का प्रकाशन करना।
12. आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा अन्य प्रसार माध्यमों द्वारा संस्कृत भाषा और साहित्य के प्रचार एवं प्रसार का प्रयास करना।
13. संस्कृत भाषा और साहित्य के विकास से सम्बन्धित संस्थाओं, अनुसंधानशालाओं, पुस्तकालयों आदि को सहायता देना।
14. संस्कृत की प्रख्यात संस्थाओं से आदान–प्रदान करना तथा सम्पर्क करना।
15. संस्कृत के विकास के लिए केन्द्रीय सरकार से, राज्य सरकारों से अथवा अन्य संस्थाओं और व्यक्तियों आदि से सहायता प्राप्त करना।
16. संस्कृत, पालि और प्राकृत की हस्तलिखित कृतियों (पाण्डुलिपियों) का क्रय एवं संग्रह और पुस्तकालय आदि की स्थापना की व्यवस्था करना।
17. ऐसे सभी प्रासंगिक कार्य करना जो ऊपर निर्दिष्ट उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहायक हों।

# संस्कृत प्रतिभा खोज एवं संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति

## परिचय पुस्तिका

### संस्कृत प्रतिभा खोज

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार एवं शास्त्रीय अध्ययन को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2023 से कक्षा 6 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए त्रिस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जनपद, मंडल तथा राज्य स्तर पर आयोजित होती है। इसमें उत्तर प्रदेश में स्थित सभी विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं। सभी प्रतियोगिताएँ मौखिक आयोजित होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के ज्ञान, स्मृति, भाषा–कौशल एवं शास्त्र विषयक समझ का मूल्यांकन किया जाता है।

जनपद, मंडल तथा राज्य तीनों स्तर पर 6 से 12 तक के छात्र/छात्राओं के लिए **संस्कृत गीत तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान (बाल वर्ग) प्रतियोगिता** का आयोजन किया जाता है। मंडलस्तरीय प्रतियोगिता में जनपदस्तरीय प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त **श्लोकान्त्याक्षरी तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)** प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन दोनों प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की ऑनलाइन अर्हता परीक्षा ली जाती है।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कुल 10 तरह की प्रतियोगिताएँ आयोजित होती हैं, जिसमें मंडलस्तरीय 04 प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त **अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ, अमरकोश कंठस्थपाठ, लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ, तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ, संस्कृत भाषण तथा श्रुतलेखन प्रतियोगिता** का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 में संस्कृत अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसे **''संस्कृत नाट्य महोत्सव''** के नाम से पुनः आरम्भ किया जा रहा है।

संस्कृत प्रतिभा खोज के लिए https://upsanskritpratibhakhoj.com/ नाम से एक वेबपोर्टल है, इसपर आवेदन करने, प्रतियोगिता का परिणाम, भुगतान की स्थिति देखने, अध्ययन सामग्री, सूचना आदि प्राप्त करने की सुविधा है। आर्काइव तथा परिणाम मीनू बटन के माध्यम से जनपद, मंडल तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के परिणाम आदि को देखा जा सकता है।

### संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति

शास्त्र संरक्षण की दिशा में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ की यह नई पहल है। संस्कृत प्रतिभा खोज के अन्तर्गत राज्यस्तरीय अष्टाध्यायी, अमरकोष, लघुसिद्धान्तकौमुदी, तर्कसंग्रह तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्तकर्ता 30 प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जाता है। इसके अतिरिक्त अंकवरीयता क्रम में प्रत्येक प्रतियोगिता के सातवें स्थान से 26 वें स्थान तक के लिए चयनित 20–20 छात्रों (कुल 100) छात्रों को संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति प्रदान की जाती है। इसके अन्तर्गत चयनित छात्रों को रूपये 1000.00 तक की अध्ययन सामग्री तथा रूपये 4000.00 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। इन प्रतियोगिताओं के शेष अन्य प्रतिभागियों को **पंचदिवसीय आवासीय विशिष्ट प्रतिभा संवर्धन कार्यशाला** में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है।

सत्र 2024–25 में कुल 43 विद्यार्थियों को संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति प्रदान की गई, जिसमें 1000 तक की अध्ययन सामग्री तथा 4000 की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

## संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति नियम निर्देशिका

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन गठित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ द्वारा वर्ष 2024 से संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति का आरंभ किया गया है। उत्तर प्रदेश के किसी भी विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 (प्रथमा से उत्तर मध्यमा) तक में अध्ययन करने वाले छात्र इसके पात्र होंगे। इसके लिए संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के साथ संयुक्त रूप से आवेदन, अर्हता परीक्षा तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अर्हता परीक्षा का आयोजन एक वर्ष में दो बार तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता वर्ष में एक बार आयोजित होगी। एतदर्थ इच्छुक छात्र http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें प्रतिभाग करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। विस्तृत विवरण इस प्रकार है–

### ➲ प्रतियोगिता का उद्देश्य -

- संस्कृत का प्रचार–प्रसार, संवर्द्धन एवं संरक्षण करना।
- छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करना।
- छात्रों की अन्तर्निहित शक्तियों का सर्वांगीण विकास करना।
- छात्रों को व्याकरण, साहित्य, कोश, दर्शन ग्रन्थों का उच्चतर एवं गम्भीर अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करना।
- प्रोत्साहन वृत्ति द्वारा छात्रों की आर्थिक बाधाएं दूर कर उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूर्ण करना।

### ➲ संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति के लिए अर्हता

अष्टाध्यायी, अमरकोष, लघुसिद्धान्तकौमुदी, तर्कसंग्रह तथा श्लोकान्त्याक्षरी कंठस्थ किए हुए उत्तर प्रदेश के किसी भी विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक में नामांकित छात्र/छात्राएँ।

### ➲ प्रतिभागियों की संख्या -

किसी एक प्रतियोगिता में एक विद्यालय से अधिकतम 4 छात्र प्रतिभाग कर सकेंगे।

एक छात्र 01 प्रतियोगिता में ही पंजीकरण कर सकेगा।

### ➲ चयन की प्रक्रिया

संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति तथा संस्कृत प्रतिभा खोज के लिए संयुक्त रूप से आयोजित होने वाली अर्हता परीक्षा तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता।

### ➲ प्रोत्साहनवृत्ति की पात्रता

कक्षा 6 से 12 तक ऐसे छात्र जिन्होंने अष्टाध्यायी, अमरकोश, लघुसिद्धान्तकौमुदी, तर्कसंग्रह तथा श्लोकान्त्याक्षरी की अर्हता परीक्षा न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शीर्ष अंक वरीयता क्रम में 7 वें स्थान से 26 वां स्थान प्राप्त किया हो।

### अर्हता परीक्षा तथा प्रतियोगिता हेतु तिथि

- ऑनलाइन आवेदन की तिथि
- ऑनलाइन अर्हता परीक्षा (प्रथम चक्र)
- ऑनलाइन अर्हता परीक्षा (द्वितीय चक्र
- राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

}

**बेवपोर्टल**
**https://upsanskritpratibhakhoj.com/**
**के माध्यम से सूचना दी जाती है।**

# संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता : सत्र 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन

## 1. प्रस्तावना

संस्कृत भाषा के अध्ययन, संवर्धन एवं छात्र–छात्राओं में भाषिक दक्षता तथा प्रतियोगी भावना के विकास हेतु संस्कृत प्रतिभा खोज योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष बहुस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। सत्र 2025–26 में यह प्रतियोगिता विद्यालय, जनपद, मंडल तथा राज्य स्तर पर सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की गई।

## 2. प्रतियोगिता की संरचना

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन निम्न तीन स्तरों पर किया गया–

1. जनपद स्तर – उत्तर प्रदेश के सभी 73 जनपदों में
2. मंडल स्तर – प्रदेश के 18 मंडलों में
3. राज्य स्तर – दो चरणों में

जनपद प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र–छात्राओं को प्रतिभाग का अवसर प्रदान किया गया।

## 3. प्रतिभागिता एवं उपलब्धियाँ

वर्ष 2025–26 में आयोजित प्रतियोगिताओं एवं अर्हता परीक्षाओं में 6000 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इसी क्रम में सत्र 2025–26 हेतु चयन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाया गया।

## 4. ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन प्रक्रिया

तीनों स्तरों की प्रतियोगिताओं के लिए–

संयोजकों, निर्णायकों एवं विद्यालयों का नामांकन, प्रतिभागियों का पंजीकरण पूर्णतः ऑनलाइन आवेदन प्रणाली के माध्यम से किया गया, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमता सुनिश्चित हुई।

## 5. अर्हता परीक्षा का आयोजन

- मंडल एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता से पूर्व सभी प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित की गई।
- राज्यस्तरीय प्रतियोगिता (द्वितीय चरण) हेतु दो बार अर्हता परीक्षा आयोजित कर सर्वाधिक योग्य प्रतिभागियों का चयन किया गया।

## 6. प्रतिभागी प्रबोधन वर्ग

प्रतिभागियों के मार्गदर्शन एवं तैयारी को सुदृढ़ करने हेतु–

- प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता से पूर्व ऑनलाइन प्रतिभागी प्रबोधन वर्ग आयोजित किए गए।
- इन प्रबोधन वर्गों में पाठ्यवस्तु, प्रतियोगिता प्रारूप, समय प्रबंधन एवं प्रस्तुति कौशल पर विशेष ध्यान दिया गया।

## 7. संयोजक एवं निर्णायक गोष्ठियाँ

प्रतियोगिता की गुणवत्ता, निष्पक्षता एवं मानकीकरण सुनिश्चित करने हेतु–

- संयोजकों एवं निर्णायकों के साथ समय–समय पर ऑनलाइन/ऑफलाइन गोष्ठियाँ आयोजित की गईं।
- इन गोष्ठियों में प्रतियोगिता संचालन, मूल्यांकन प्रक्रिया, तकनीकी पक्ष एवं पारदर्शिता से संबंधित दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।

## 8. निष्कर्ष

- सत्र 2025–26 में संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं तकनीक–संवर्धित प्रक्रिया के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। यह योजना संस्कृत अध्ययन को प्रोत्साहित करने, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करने तथा राज्य स्तर पर संस्कृत शिक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुई।
- यह आयोजन 4 सदस्यीय संचालन समिति, 73 जनपद संयोजकों, 18 मण्डल संयोजकों, 5 राज्य संयोजकों, 93 विद्यालयों/महाविद्यालयों तथा जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ है।
- जनपद स्तर पर प्रत्येक प्रतियोगिता में शीर्ष छः प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। जबकि मंडल स्तर पर प्रत्येक प्रतियोगिता में शीर्ष तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अतिरिक्त तीन सांत्वना पुरस्कार, अध्ययन सामग्री एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। कंठस्थपाठ तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में छठे से छब्बीवें स्थान पर आने वाले 96 प्रतिभागियों को संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति दी गई।

## संस्कृत प्रतिभा खोज नियम निर्देशिका

### ➲ संस्कृत प्रतिभा खोज का उद्देश्य -

- संस्कृत का प्रचार–प्रसार, संवर्द्धन एवं संरक्षण करना।
- छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करना।
- छात्रों की अन्तर्निहित शक्तियों का सर्वांगीण विकास करना।

### • प्रतियोगिता का आयोजन स्थल

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिला स्तर पर प्रतियोगिता | जिला विद्यालय निरीक्षक/संयोजक द्वारा निर्धारित स्थल पर |
| 2. | मण्डल स्तर पर प्रतियोगिता | उप निरीक्षक संस्कृत पाठशाला/संयोजक द्वारा निर्धारित स्थल पर |
| 3. | राज्य स्तरीय प्रतियोगिता | उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा लखनऊ में निर्धारित स्थान पर |

### • संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के नाम तथा सम्मिलित होने की अर्हता

| वर्ग | प्रतियोगियों की अर्हता | संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का नाम |
|---|---|---|
| क. | कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/छात्राएं | 1. संस्कृत गीत प्रतियोगिता<br>2. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (बाल वर्ग)<br>3. श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता<br>4. अष्टाध्यायी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता<br>5. अमरकोश कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता<br>6. लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता<br>7. तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता |
| ख. | स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा की छात्र/छात्राएं | 8. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (युवा वर्ग)<br>9. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता<br>10. श्रुतलेखन प्रतियोगिता |

**आवेदन करने की तिथि** – प्रतिवर्ष https://upsanskritpratibhakhoj.com/ पर सूचना जारी की जाएगी।
**प्रतियोगिता की तिथि** – प्रतिवर्ष https://upsanskritpratibhakhoj.com/ पर सूचना जारी की जाएगी।

**नोट** :– क्रम संख्या 1 व 2 पर अंकित प्रतियोगिताएँ जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तर पर होंगी। क्रम सं. 3 एवं 8 पर अंकित प्रतियोगिताएँ मण्डल एवं राज्य स्तर पर होंगी। शेष 6 अन्य प्रतियोगिताएँ केवल राज्य स्तर पर होगी। क्रम सं. 3 से 10 तक पर अंकित प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित होगी।

## ➲ जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण

| | | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | सान्त्वना (कुल 3) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संस्कृत गीत प्रतियोगिता | 1000 | 800 | 700 | 500 |
| 2. | संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (बाल वर्ग) | 1000 | 800 | 700 | 500 |

## ➲ मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि का विवरण

| | | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संस्कृत गीत प्रतियोगिता | 3000 | 2000 | 1000 |
| 2. | संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (बाल वर्ग) | 3000 | 2000 | 1000 |
| 3. | श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता | 3000 | 2000 | 1000 |
| 4. | संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (युवा वर्ग) | 3000 | 2000 | 1000 |

## ➲ राज्य स्तरीय 10 प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि

| प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | सान्त्वना पुरस्कार (कुल 3) |
|---|---|---|---|
| 11,000 | 7,000 | 5,000 | 3,000 |

| | | |
|---|---|---|
| जनपद स्तर पर कुल पुरस्कार राशि | – (2 प्रतियोगिताएँ) 75 जनपद x 8,000 | = 6,00,000.00 |
| मंडल स्तर पर कुल पुरस्कार राशि | – (4 प्रतियोगिताएँ) 18 मंडल x 24,000 | = 4,32,000.00 |
| राज्य स्तर पर कुल पुरस्कार राशि | – (10 प्रतियोगिताएँ) 10 प्रतियोगिता x 32,000 | = 3,20,000.00 |
| | योग– | 13,52,000.00 |

## प्रतियोगिताओं हेतु सामान्य नियम

1. संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय/अशासकीय/प्राइवेट जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टर कॉलेज, पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, विद्यामन्दिर, गुरुकुल, संगीत विद्यालय, संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के सभी विषयों के छात्र/छात्रायें प्रतिभाग करेंगे।

2. प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक छात्र आवेदन पत्र में अपना नाम, कक्षा का नाम, विद्यालय का नाम, जनपद नाम, दूरभाष, फोटो, प्रतियोगिता का नाम आदि विवरण पूरित कर निर्धारित तिथि तक आवेदन करेंगें।
3. जनपदस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रायें ही मण्डलस्तरीय प्रतियोगिता में एवं मंडलस्तरीय पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र – छात्रायें राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे।
4. जनपदस्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी संस्थाऐं छात्र/छात्राओं के यात्रा व्यय, आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था अपने स्तर से करेंगे।
5. मंडल तथा राज्य स्तर पर आरंभ होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को ऑनलाइन अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा।
6. जनपद, मण्डल एवं राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि तथा मंडल व राज्य प्रतियोगिता यात्रा व्यय की राशि प्रतिभागी अथवा उनके माता पिता के बैंक खाते में अंतरित की जायेगी।
7. प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का प्रमाण–पत्र संयोजक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।
8. जनपद, मण्डल एवं राज्यस्तरीय सभी प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं की सुरक्षा, अनुशासन, आवागमन व उनकी वस्तुओं की सुरक्षा का दायित्व सम्बद्ध संस्थाओं का होगा।
9. मंडलस्तरीय प्रतियोगिता में अभिभावक/शिक्षक सहित प्रति प्रतिभागी की दर से रूपये 400/– मात्र मार्गव्यय दिया जाएगा। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में संस्थान नियमानुसार मार्गव्यय देय होगा।
10. राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा उनके साथ आने वाले एक अध्यापक/अभिभावक के भोजन व आवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य धनराशि देय नहीं होगी।
11. एक प्रतिभागी 01 प्रतियोगिता में ही प्रतिभाग कर सकता है। एक प्रतियोगिता में एक विद्यालय/महाविद्यालय के अधिकतम 4 छात्र/छात्राओं को ही प्रवेश दिया जाएगा।
12. जो प्रतिभागी राज्य स्तर के जिस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका हो, वह पुनः उस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अनर्ह होगा।
13. संस्कृत गीत प्रतियोगिता में प्रतिभागी द्वारा वाद्य यंत्रों का प्रयोग वर्जित है।
14. सभी प्रतियोगितायें पूर्णरूप से संस्कृत भाषा में ही होंगी। प्रतिभागी लिखित सामग्री देखकर प्रतियोगिता नहीं देंगे।
15. प्रतियोगिता का विषय भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करने वाला होना चाहिये। प्रतियोगिताओं में किसी भी प्रकार का राष्ट्रविरोध, व्यक्तिविशेष विरोध या राजनैतिक आक्षेप प्रदर्शित करना सर्वथा निषिद्ध है।
16. जनपद स्तर की प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का निर्णय 2 निर्णायकों तथा मण्डल एवं राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं 03 निर्णायकों के द्वारा प्रदत्त अंकों के योग के आधार पर किया जायेगा। निर्णायकों का निर्णय सर्वमान्य एवं अन्तिम होगा। यही नियम ऑनलाइन अर्हता प्रतियोगिता पर भी लागू होगा।
17. जनपद संयोजक, मण्डल संयोजक एवं निर्णायक अपने स्तर पर किसी भी प्रकार के नियमों का निर्धारण नहीं करेंगे।
18. सभी प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं जनपद संयोजक, मण्डल संयोजक, संचालन समिति तथा सम्बद्ध अधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न होंगी तथा उनके निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी अनुशासन हीनता की स्थिति में प्रतिभागी को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के लिए अनर्ह माना जाएगा।
19. विशेष परिस्थितियों में नियम परिवर्तन का अधिकार अध्यक्ष/निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के पास सुरक्षित होगा।

# प्रतियोगिता आधारित नियम

## एकल संस्कृत गीत प्रतियोगिता

### प्रतियोगिता का स्तर एवं पात्रता

(क) एकल संस्कृत गीत प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए जनपद, मंडल तथा राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी।

### मूल्यांकन

(क) प्रतियोगिता का मूल्यांकन निम्नलिखित आधारों पर किया जाएगा–

• स्वर–शुद्धता एवं संगीतात्मकता – 50 अंक • शुद्ध उच्चारण – 20 अंक • भावाभिव्यक्ति – 10 अंक

• मंचीय प्रस्तुति – 20 अंक कुल अंक – 100

(ख) प्रतियोगिता की अधिकतम अवधि 05 मिनट निर्धारित होगी।

### गीत चयन एवं प्रस्तुति

(क) प्रतिभागी द्वारा गीत कण्ठस्थ कर केवल एकल गायन के रूप में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

(ख) प्रतिभागी निर्धारित अनुशंसित गीतों की सूची में से किसी एक गीत का चयन स्वयं करेंगे।

(ग) प्रस्तुति से पूर्व चयनित गीत की 03 टंकित प्रतियों पर प्रतिभागी का नाम एवं आवेदन संख्या अंकित कर निर्णायक मण्डल को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

### प्रतिबन्ध एवं सीमाएँ

(क) संस्कृत गीत प्रतियोगिता में स्तोत्र, श्लोक अथवा वेद मंत्रों का गायन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(ख) प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार के वाद्य यंत्र अथवा इलेक्ट्रॉनिक संगीत उपकरण का प्रयोग निषिद्ध है।

### निर्णायक मण्डल

(क) प्रतियोगिता का मूल्यांकन विषय–विशेषज्ञ एवं संगीत–विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जाएगा।

(ख) निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

### स्थान निर्धारण एवं पुरस्कार

(क) प्रतियोगिता में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रतिभागियों का स्थान निर्धारण किया जाएगा।

(ख) सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रथम स्थान, उसके बाद क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया जाएगा।

(ग) जनपद तथा राज्यस्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अतिरिक्त तीन सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएँगे।

## संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
**(बाल वर्ग एवं युवा वर्ग)**

### प्रतियोगिता के स्तर एवं पात्रता

- संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दो वर्गों– **बाल वर्ग एवं युवा वर्ग** में आयोजित की जाएगी।
- **बाल वर्ग** की प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए जनपद, मंडल तथा राज्य स्तर पर आयोजित होगी।
- **युवा वर्ग** की यह प्रतियोगिता स्नातक, स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष स्तर के किसी भी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए केवल मंडल तथा राज्य स्तर पर आयोजित होगी।
- मंडल स्तर की युवा वर्ग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए निर्धारित अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

### संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन निम्न तीन स्तरों पर किया जाएगा।

1. जनपद स्तर – प्रथम स्तर
2. मंडल स्तर – द्वितीय स्तर
3. राज्य स्तर – तृतीय स्तर

### प्रतिभागियों की बैठने की व्यवस्था

- प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागी कतारबद्ध अथवा गोलाकार व्यवस्था में बैठेंगे, जिसका निर्धारण आयोजक/निर्णायक द्वारा किया जाएगा।

### प्रतियोगिता राउंड

- प्रतियोगिता का संचालन तब तक किया जाएगा जब तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा (जहाँ लागू हो) सान्त्वना स्थान निर्धारित न हो जाएँ।

### प्रश्नों का स्वरूप

**(क) जनपद एवं राज्य स्तर**

- प्रत्येक प्रतिभागी से संस्कृत भाषा, विषय तथा सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित एक–एक प्रश्न पूछा जाएगा।
- उत्तर देने के लिए प्रतिभागी को 30 सेकंड का समय दिया जाएगा।
- यदि प्रतिभागी निर्धारित समय में उत्तर नहीं दे पाता है, तो वही प्रश्न अगले प्रतिभागी को स्थानांतरित किया जा सकता है।

(ख) मंडल स्तर

- प्रतिभागी से कक्षा के समकक्ष पुस्तक/पत्रिका के गद्य भाग का वाचन कराया जाएगा। गद्य वाचन प्रतियोगिता के नियम के अनुसार अंक प्रदान किया जाएगा।

## शून्य राउंड

- यदि किसी प्रश्न का उत्तर किसी भी प्रतिभागी द्वारा नहीं दिया जाता है, तो वह राउंड शून्य माना जाएगा।
- शून्य राउंड में किसी भी प्रतिभागी को अंक नहीं दिए जाएँगे।
- शून्य राउंड में किसी भी प्रतिभागी के अवसर में कोई कटौती नहीं की जाएगी।

## अंक व्यवस्था

- प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा।
- सही उत्तर देने वाले प्रतिभागी के नाम के सामने अंक अंकित किए जाएँगे।

## अवसर एवं निष्कासन नियम

- प्रत्येक प्रतिभागी को कुल चार अवसर प्रदान किए जाएँगे।
- गलत उत्तर देने अथवा उत्तर न देने की स्थिति में एक अवसर की कटौती की जाएगी।
- तीन अवसर समाप्त हो जाने पर प्रतिभागी को अंतिम (चतुर्थ) अवसर दिया जाएगा।
- चतुर्थ अवसर में भी उत्तर न देने अथवा गलत उत्तर देने पर प्रतिभागी प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगा।

## समय निर्धारण

- यह प्रतियोगिता तब तक समाप्त नहीं की जा सकती जब तक दो प्रतिभागी निर्णायक द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देते रहते हैं।
- प्रतियोगिता की अवधि प्रतिभागियों की प्रतिभा, उत्तर देने की निरंतरता तथा परिस्थितियों पर निर्भर करती है।

## निर्णय प्रक्रिया

### (क) राउंड एवं अवसर की घोषणा

- निर्णायक प्रत्येक राउंड के उपरान्त प्रतिभागियों के शेष अवसर एवं प्राप्त अंकों की घोषणा करेंगे।

### (ख) प्रश्नों का स्रोत एवं परिणाम घोषणा

- निर्णायकों के पास लिखित संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तर उपलब्ध होगा, जिसमें संस्कृत भाषा, विषय एवं सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न सम्मिलित होंगे।

- निर्णायक इन्हीं प्रश्नों के आधार पर प्रतियोगिता का संचालन करेंगे।

## 1 स्थान निर्धारण

- **जनपद एवं राज्य स्तर** पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थानों के अतिरिक्त तीन सान्त्वना स्थान घोषित किए जाएँगे।
- मंडल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान घोषित किए जाएँगे।

## समापन

- प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा (जहाँ लागू हो) सान्त्वना स्थान घोषित करने हेतु पर्याप्त आधार उपलब्ध हो जाने पर निर्णायक प्रतियोगिता समापन की घोषणा करेंगे।

# श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता

## 1. प्रतियोगिता का स्वरूप एवं पात्रता

- श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए मंडल तथा राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी।
- मंडल स्तर की श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।
- मंडल स्तर तथा राज्य स्तर की श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता अनुष्टुप् छन्द के श्लोकों को छोड़कर अन्य छन्दों के श्लोकों पर आयोजित की जाएगी।
- विशेष परिस्थितियों में प्रतियोगिता के शीघ्र निर्णय हेतु निर्णायक अनुष्टुप् छन्द के श्लोकों के आधार पर भी प्रतियोगिता का संचालन कर सकेंगे।
- यह प्रतियोगिता पाठ्यपुस्तकों के श्लोकों के आधार पर आयोजित की जाएगी।

## 2. निर्णायक एवं सामान्य प्रावधान

- प्रतियोगिता के निर्णय हेतु साहित्य, व्याकरण तथा ज्योतिष विषयों के विशेषज्ञों को निर्णायक के रूप में नामित किया जाएगा।
- प्रतियोगिता को सुचारु एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्णायक आवश्यकतानुसार नियमों में उपयुक्त परिवर्तन कर सकेंगे।
- इन नियमों का पालन सभी स्तरों पर किया जाएगा।

## 3. प्रतियोगिता संचालन एवं श्लोक चयन

(क) श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी गोलाकार क्रम में बैठेंगे। प्रथम श्लोक का उच्चारण किसी एक निर्णायक द्वारा किया जाएगा। यदि किसी श्लोक का अन्तिम व्यंजन वर्ण म् हो तो

प्रतिभागी उसके पूर्ववर्ती व्यंजन वर्ण से श्लोक बोलेंगे। अन्य स्थितियों में श्लोक के अन्तिम व्यंजन वर्ण के आधार पर प्रतियोगिता संचालित होगी। गोलाकार क्रम में बैठे प्रतिभागी एक–एक करके क्रमशः श्लोकों का उच्चारण करेंगे तथा प्रतियोगिता निरन्तर चलती रहेगी।

(ख) यदि किसी श्लोक के अन्त में ङ्, ञ्, ण्, ट्, ठ्, ड्, ढ्, थ् वर्ण आते हैं, तो उसके पूर्ववर्ती हलन्त व्यंजन के आधार पर आगामी प्रतिभागी श्लोक का उच्चारण करेगा।

(ग) विशेष परिस्थितियों में निर्णायक श्लोक के अन्तिम स्वर वर्ण के आधार पर भी प्रतियोगिता संचालित कराने का निर्णय ले सकते हैं।

(घ) श्लोक के अन्त में संयुक्ताक्षर आने पर आगामी प्रतिभागी संयुक्ताक्षर के अन्तिम अक्षर से श्लोक बोलेगा। उदाहरणार्थ– 'विद्या' शब्द के अन्त में य अक्षर के आधार पर अगला श्लोक बोला जाएगा।

### 4. समय-सीमा एवं अवसर

(ङ) एक प्रतिभागी द्वारा श्लोक के उच्चारण तथा अगले प्रतिभागी द्वारा श्लोक प्रारम्भ करने के मध्य अधिकतम एक मिनट का समय दिया जाएगा। निर्धारित समय के भीतर श्लोक का उच्चारण प्रारम्भ न करने पर प्रतिभागी का एक अवसर समाप्त माना जाएगा। निर्णायक आवश्यकता पड़ने पर समय–सीमा को और कम कर सकेंगे।

(च) प्रत्येक प्रतिभागी को तीन अवसर प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में निर्णायक पृथक्–पृथक् छन्दों, श्लोक के अन्तिम स्वर अथवा व्यंजन वर्ण के आधार पर, अथवा श्लोक के किसी पाद के अन्तिम अक्षर से प्रतियोगिता संचालित करने का निर्देश दे सकते हैं। अतः प्रतिभागी पूर्ण तैयारी के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें।

### 5. शुद्धता , स्रोत एवं वैधता

(छ) आवश्यकता पड़ने पर प्रतिभागी को श्लोक का स्रोत बताना होगा। स्रोत न बता पाने की स्थिति में निर्णायक उस श्लोक को अमान्य घोषित कर सकते हैं।

(ज) श्लोकों के अशुद्ध उच्चारण की स्थिति में निर्णायक वैकल्पिक श्लोक बोलने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। किसी प्रतिभागी द्वारा बार–बार अशुद्ध उच्चारण किए जाने पर उसके अवसरों में कटौती की जा सकेगी।

(झ) श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में किसी श्लोक का केवल एक बार ही उच्चारण किया जा सकेगा। पूर्व में बोले गए श्लोक की पुनरावृत्ति मान्य नहीं होगी।

### 6. परिणाम एवं स्थान निर्धारण

(ञ) मंडल स्तर की प्रतियोगिता में जब केवल तीन प्रतिभागी शेष रह जाएँगे, तब उनमें से सर्वप्रथम बाहर होने वाले प्रतिभागी को तृतीय स्थान, तत्पश्चात बाहर होने वाले प्रतिभागी को द्वितीय स्थान तथा अन्त तक अवशिष्ट प्रतिभागी को प्रथम स्थान प्रदान किया जाएगा।

राज्य स्तर की प्रतियोगिता में जब छह प्रतिभागी शेष रह जाएँगे, तब उनमें से क्रमशः बाहर होने वाले तीन प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित माना जाएगा। शेष तीन प्रतिभागियों में से सर्वप्रथम बाहर होने वाले प्रतिभागी को तृतीय स्थान, उसके बाद बाहर होने वाले प्रतिभागी को द्वितीय स्थान तथा अन्त तक अवशिष्ट प्रतिभागी को प्रथम स्थान प्रदान किया जाएगा।

## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता

**1. प्रतियोगिता का स्तर एवं पात्रता**

(क) संस्कृत भाषण प्रतियोगिता स्नातक, स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष स्तर के किसी भी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए राज्य स्तर पर आयोजित होगी।

(ख) इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

**2. मूल्यांकन**

(क) संस्कृत भाषण प्रतियोगिता के मूल्यांकन में विषयवस्तु (50 अंक), भाषा–शुद्धता (30 अंक) एवं प्रस्तुति (20 अंक) के आधार पर कुल 100 अंक प्रदान किए जाएंगे।

**3. भाषण की अवधि**

(क) प्रत्येक प्रतिभागी को भाषण प्रस्तुत करने हेतु अधिकतम 03 मिनट का समय दिया जाएगा।

**4. विषय निर्धारण**

(क) संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का विषय प्रतिवर्ष पृथक् रूप से निर्धारित किया जाएगा।

**5. प्रस्तुति संबंधी नियम**

(क) प्रतिभागी को भाषण कंठस्थ रूप से प्रस्तुत करना होगा।

(ख) भाषण के समय किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री, नोट्स, पुस्तक, मोबाइल अथवा अन्य सहायक सामग्री देखकर भाषण देना अनुमन्य नहीं होगा।

## श्रुतलेखन प्रतियोगिता

**1. प्रतियोगिता का स्तर एवं पात्रता**

(क) श्रुतलेखन प्रतियोगिता स्नातक, स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष स्तर के किसी भी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए केवल राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी।

(ख) इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए निर्धारित अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

**2. प्रतियोगिता का स्वरूप**

(क) इस प्रतियोगिता का पूर्णांक 100 अंक होगा।

(ख) प्रतियोगिता में प्रतिभागी को निर्णायक द्वारा उच्चारित संस्कृत गद्यांश अथवा श्लोक को सुनकर लिखना होगा।

(ग) निर्णायक प्रत्येक वाक्य, वाक्यांश अथवा श्लोक–पंक्ति का दो बार उच्चारण करेंगे।

(घ) निर्धारित पाठ्यांश का श्रुतलेखन पूर्ण होने के पश्चात् प्रतिभागियों को उत्तर–पत्र में किसी प्रकार का संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी।

**3. मूल्यांकन पद्धति**

(क) श्रुतलेख में प्रत्येक वर्णगत त्रुटि पर एक अंक काटा जाएगा।

(ख) मात्रा, अनुस्वार, विसर्ग, संयुक्ताक्षर, विरामचिह्न अथवा अन्य वर्णगत अशुद्धि को भी एक वर्ण त्रुटि माना जाएगा।

(ग) मूल्यांकन 100 अंकों से प्रारम्भ किया जाएगा तथा कुल वर्णगत त्रुटियों के अनुसार अंक घटाए जाएंगे।

**4. अपूर्ण श्रुतलेख**

(क) यदि कोई प्रतिभागी श्रुतलेख का कोई भाग रिक्त छोड़ देता है अथवा सम्पूर्ण श्रुतलेख पूर्ण नहीं लिखता है, तो वर्णगत त्रुटियों के आधार पर अंक कटौती करने के पश्चात् प्राप्त अंकों में से अतिरिक्त 20 अंक काटे जाएंगे।

**5. स्थान निर्धारण**

(क) निर्धारित नियमों के अनुसार अंक कटौती के पश्चात् प्राप्त अंकों के आधार पर प्रतिभागियों का स्थान निर्धारण किया जाएगा।

(ख) राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अतिरिक्त तीन सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन स्थानों का निर्धारण प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

(ग) समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में निर्णायक आवश्यकतानुसार अतिरिक्त श्रुतलेखन अथवा अन्य उपयुक्त प्रक्रिया द्वारा निर्णय कर सकेंगे।

## अष्टाध्यायी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता

**1. प्रतियोगिता का स्तर एवं पात्रता**

(क) अष्टाध्यायी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी।

(ख) राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु निर्धारित अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

(ग) अष्टाध्यायी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता हेतु अर्हता परीक्षा सामान्यतः वर्ष में दो बार आयोजित की जाएगी। अधिक अंक प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रतिभागी एक ही वर्ष में द्वितीय बार भी अर्हता परीक्षा में प्रतिभाग कर सकेंगे।

**2. मूल्यांकन**

(क) अष्टाध्यायी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कण्ठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (20 अंक) तथा सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतियोगिता की अवधि एवं प्रत्येक चरण के संचालन का समय निर्णायकों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

**3. प्रतियोगिता संचालन एवं निर्णय प्रक्रिया**

**प्रथम चरण** – क्रमपाठ परीक्षण

निर्णायक क्रमशः अष्टाध्यायी के किसी सूत्र का उच्चारण करेंगे तथा प्रतिभागी को उसके आगे के सूत्र सुनाने होंगे। इस चरण में प्रतिभागी की कण्ठस्थता, प्रवाह एवं सूत्रज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**द्वितीय चरण** – शलाका प्रवेश

प्रतिभागी को अष्टाध्यायी ग्रन्थ में किसी स्थान पर शलाका प्रवेश कराई जाएगी। निर्णायकों द्वारा संकेतित स्थान से आगे अथवा पीछे के सूत्र सुनाने होंगे। इस चरण में ग्रन्थ के समग्र कण्ठस्थ ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**तृतीय चरण** – सामान्य ज्ञान परीक्षण

निर्णायक अष्टाध्यायी से संबंधित सामान्य ज्ञान, रचनाकार, संरचना, विषयवस्तु आदि पर आधारित कुल 5 प्रश्न पूछेंगे। इस चरण हेतु अधिकतम 10 अंक निर्धारित होंगे।

**4. उच्चारण एवं प्रस्तुति**

(क) सूत्रों का उच्चारण स्पष्ट तथा शुद्ध होना चाहिए।

(ख) अशुद्ध उच्चारण, अनावश्यक विराम अथवा बार–बार सुधार की आवश्यकता होने पर निर्णायक उपयुक्त अंक कटौती कर सकेंगे।

(ग) कण्ठस्थ पाठ की गति संतुलित एवं श्रवणयोग्य होनी चाहिए।

**5. निर्णायक मण्डल**

(क) प्रतियोगिता का मूल्यांकन सामान्यतः दो विषय–विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जाएगा।

(ख) निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**6. स्थान निर्धारण एवं पुरस्कार**

(क) प्रतियोगिता में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रतिभागियों का स्थान निर्धारण किया जाएगा।

(ख) सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रथम स्थान, उसके बाद क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अतिरिक्त तीन सान्त्वना प्रदान किया जाएगा।

(ग) पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के अतिरिक्त अंक वरीयता क्रम में अगले 20 प्रतिभागियों को संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति प्रदान की जाएगी।

## अमरकोश कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता

1. **प्रतियोगिता का स्तर एवं पात्रता**

(क) अमरकोश कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी।

(ख) राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु निर्धारित अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

(ग) अमरकोश कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता हेतु अर्हता परीक्षा सामान्यतः वर्ष में दो बार आयोजित की जाएगी। अधिक अंक प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रतिभागी एक ही वर्ष में द्वितीय बार भी अर्हता परीक्षा में प्रतिभाग कर सकेंगे।

2. **मूल्यांकन**

(क) अमरकोश कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कण्ठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (20 अंक) तथा सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतियोगिता की अवधि एवं प्रत्येक चरण के संचालन का समय निर्णायकों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

3. **प्रतियोगिता संचालन एवं निर्णय प्रक्रिया**

**प्रथम चरण** – क्रमपाठ परीक्षण

निर्णायक क्रमशः अमरकोश के किसी श्लोक का उच्चारण करेंगे तथा प्रतिभागी को उसके आगे के श्लोक सुनाने होंगे। इस चरण में प्रतिभागी की कण्ठस्थता, प्रवाह एवं ग्रन्थज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**द्वितीय चरण** – शलाका प्रवेश

प्रतिभागी को अमरकोश ग्रन्थ में किसी स्थान पर शलाका प्रवेश कराई जाएगी। निर्णायकों द्वारा संकेतित स्थान से आगे अथवा पीछे के श्लोक सुनाने होंगे। इस चरण में ग्रन्थ के समग्र कण्ठस्थ ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**तृतीय चरण** – सामान्य ज्ञान परीक्षण

निर्णायक अमरकोश से संबंधित सामान्य ज्ञान, रचनाकार, संरचना, विषयवस्तु आदि पर आधारित कुल 5 प्रश्न पूछेंगे। इस चरण हेतु अधिकतम 10 अंक निर्धारित होंगे।

**4. पाठ्यवस्तु**

(क) इस प्रतियोगिता हेतु **अमरकोश का प्रथम काण्ड** निर्धारित होगा।

(ख) यदि एक से अधिक प्रतिभागी अमरकोश के प्रथम काण्ड का पूर्ण एवं संतोषजनक पाठ प्रस्तुत कर देते हैं, तो उनके मध्य द्वितीय एवं तृतीय काण्ड से अतिरिक्त परीक्षण कराकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा अन्य स्थानों का निर्णय किया जाएगा।

**5. उच्चारण एवं प्रस्तुति**

(क) श्लोकों का उच्चारण स्पष्ट तथा शुद्ध होना चाहिए।

(ख) अशुद्ध उच्चारण, अनावश्यक विराम अथवा बार–बार सुधार की आवश्यकता होने पर निर्णायक उपयुक्त अंक कटौती कर सकेंगे।

(ग) कण्ठस्थ पाठ की गति संतुलित एवं श्रवणयोग्य होनी चाहिए।

**6. निर्णायक मण्डल**

(क) प्रतियोगिता का मूल्यांकन सामान्यतः दो विषय–विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जाएगा।

(ख) निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**7. स्थान निर्धारण एवं पुरस्कार**

(क) प्रतियोगिता में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रतिभागियों का स्थान निर्धारण किया जाएगा।

(ख) सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रथम स्थान, उसके बाद क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अतिरिक्त तीन सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

(ग) पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के अतिरिक्त अंक वरीयता क्रम में अगले 20 प्रतिभागियों को संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति प्रदान की जाएगी।

## लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता

**1. प्रतियोगिता का स्तर एवं पात्रता**

(क) लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी।

(ख) राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु निर्धारित अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

(ग) लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता हेतु अर्हता परीक्षा सामान्यतः वर्ष में दो बार आयोजित

की जाएगी। अधिक अंक प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रतिभागी एक ही वर्ष में द्वितीय बार भी अर्हता परीक्षा में प्रतिभाग कर सकेंगे।

## 2. मूल्यांकन

(क) लघुसिद्धान्तकौमुदी कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कण्ठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (20 अंक) तथा सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतियोगिता की अवधि एवं प्रत्येक चरण के संचालन का समय निर्णायकों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

## 3. पाठ्यवस्तु

(क) कक्षा 6 से 8 (प्रथमा) के छात्र–छात्राओं हेतु **अजन्तनपुंसकलिङ्ग प्रकरण** तक का पाठ्यभाग निर्धारित होगा।

(ख) कक्षा 9 एवं 10 (पूर्वमध्यमा) के छात्र–छात्राओं हेतु **तिङन्त प्रकरण** तक का पाठ्यभाग निर्धारित होगा।

(ग) कक्षा 11 एवं 12 (उत्तरमध्यमा) के छात्र–छात्राओं हेतु **सम्पूर्ण लघुसिद्धान्तकौमुदी** निर्धारित होगी।

## 4. प्रतियोगिता संचालन एवं निर्णय प्रक्रिया

**प्रथम चरण** – क्रमपाठ परीक्षण

निर्णायक क्रमशः किसी सूत्र, वृत्ति अथवा उदाहरण का उच्चारण करेंगे तथा प्रतिभागी को उसके आगे का पाठ सुनाना होगा। इस चरण में प्रतिभागी की कण्ठस्थता, प्रवाह एवं ग्रन्थज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**द्वितीय चरण** – शलाका प्रवेश

प्रतिभागी को लघुसिद्धान्तकौमुदी ग्रन्थ में किसी स्थान पर शलाका प्रवेश कराई जाएगी। निर्णायकों द्वारा संकेतित स्थान से आगे अथवा पीछे का पाठ सुनाना होगा। इस चरण में ग्रन्थ के समग्र कण्ठस्थ ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**तृतीय चरण** – सामान्य ज्ञान परीक्षण

निर्णायक लघुसिद्धान्तकौमुदी से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान, रचनाकार, संरचना, विषयवस्तु तथा रूपसिद्धि पर आधारित कुल 5 प्रश्न पूछेंगे। इस चरण हेतु अधिकतम 10 अंक निर्धारित होंगे।

## 5. उच्चारण एवं प्रस्तुति

(क) सूत्र, वृत्ति एवं उदाहरणों का उच्चारण स्पष्ट तथा शुद्ध होना चाहिए।

(ख) अशुद्ध उच्चारण, अनावश्यक विराम अथवा बार–बार सुधार की आवश्यकता होने पर निर्णायक उपयुक्त अंक कटौती कर सकेंगे।

(ग) कण्ठस्थ पाठ की गति संतुलित एवं श्रवणयोग्य होनी चाहिए।

**6. निर्णायक मण्डल**

(क) प्रतियोगिता का मूल्यांकन सामान्यतः दो विषय–विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जाएगा।

(ख) निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**7. स्थान निर्धारण एवं पुरस्कार**

(क) प्रतियोगिता में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रतिभागियों का स्थान निर्धारण किया जाएगा।

(ख) सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रथम स्थान, उसके बाद क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अतिरिक्त तीन सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

(ग) पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के अतिरिक्त अंक वरीयता क्रम में अगले 20 प्रतिभागियों को संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति प्रदान की जाएगी।

## तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता

**1. प्रतियोगिता का स्तर एवं पात्रता**

(क) तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए राज्यस्तर पर आयोजित की जाएगी।

(ख) राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु निर्धारित अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

(ग) तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता हेतु अर्हता परीक्षा सामान्यतः वर्ष में दो बार आयोजित की जाएगी। अधिक अंक प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रतिभागी एक ही वर्ष में द्वितीय बार भी अर्हता परीक्षा में प्रतिभाग कर सकेंगे।

**2. मूल्यांकन**

(क) तर्कसंग्रह कण्ठस्थपाठ प्रतियोगिता के मूल्यांकन में कण्ठस्थ पाठ (70 अंक), उच्चारण एवं गति (20 अंक) तथा सामान्य जानकारी (10 अंक) कुल 100 अंक होंगे।

(ख) प्रतियोगिता की अवधि एवं प्रत्येक चरण के संचालन का समय निर्णायकों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

**3. प्रतियोगिता संचालन एवं निर्णय प्रक्रिया**

**प्रथम चरण** – क्रमपाठ परीक्षण

निर्णायक क्रमशः तर्कसंग्रह के किसी अंश का उच्चारण करेंगे तथा प्रतिभागी को उसके आगे का पाठ सुनाना होगा। इस चरण में प्रतिभागी की कण्ठस्थता, प्रवाह एवं ग्रन्थज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**द्वितीय चरण** – शलाका प्रवेश

प्रतिभागी को तर्कसंग्रह ग्रन्थ में किसी स्थान पर शलाका प्रवेश कराई जाएगी। निर्णायकों द्वारा संकेतित स्थान से आगे अथवा पीछे का पाठ सुनाना होगा। इस चरण में ग्रन्थ के समग्र कण्ठस्थ ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा।

**तृतीय चरण** – सामान्य ज्ञान परीक्षण

निर्णायक तर्कसंग्रह से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान, रचनाकार, संरचना, विषयवस्तु आदि पर आधारित कुल 5 प्रश्न पूछेंगे। इस चरण हेतु अधिकतम 10 अंक निर्धारित होंगे।

**4. पाठ्यवस्तु**

(क) इस प्रतियोगिता हेतु तर्कसंग्रह ग्रन्थ निर्धारित होगा।

(ख) यदि एक से अधिक प्रतिभागी तर्कसंग्रह का पूर्ण एवं संतोषजनक पाठ प्रस्तुत कर देते हैं, तो उनके मध्य पदकृत्य सहित तर्कसंग्रह का अतिरिक्त परीक्षण कराकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा अन्य स्थानों का निर्णय किया जाएगा।

**5. उच्चारण एवं प्रस्तुति**

(क) ग्रन्थ का पाठ स्पष्ट, शुद्ध एवं श्रवणयोग्य होना चाहिए।

(ख) अशुद्ध उच्चारण, अनावश्यक विराम अथवा बार–बार सुधार की आवश्यकता होने पर निर्णायक उपयुक्त अंक कटौती कर सकेंगे।

(ग) कण्ठस्थ पाठ की गति संतुलित एवं श्रवणयोग्य होनी चाहिए।

**6. निर्णायक मण्डल**

(क) प्रतियोगिता का मूल्यांकन सामान्यतः दो विषय–विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा किया जाएगा।

(ख) निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**7. स्थान निर्धारण एवं पुरस्कार**

(क) प्रतियोगिता में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रतिभागियों का स्थान निर्धारण किया जाएगा।

(ख) सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रथम स्थान, उसके बाद क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अतिरिक्त तीन सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

(ग) पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के अतिरिक्त अंक वरीयता क्रम में अगले 20 प्रतिभागियों को संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति प्रदान की जाएगी।

## हमारा स्वरूप

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता एक सुव्यवस्थित, बहुस्तरीय तथा पारदर्शी पद्धति पर आधारित आयोजन है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जाग्रत करना तथा संस्कृतज्ञ प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के संचालन हेतु निम्नलिखित दो मुख्य स्वरूप निर्धारित किए गए हैं :

### (क) डिजिटल स्वरूप

इस प्रतियोगिता के प्रचार–प्रसार एवं संचालन में डिजिटल माध्यमों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। तकनीक की सहायता से हम राज्य के प्रत्येक जनपद तक इस अभियान को प्रभावी ढंग से पहुँचा रहे हैं :

**आधिकारिक वेबसाइट :** प्रतियोगिता से संबंधित समस्त जानकारी, पंजीकरण, प्रवेश पत्र, परिणाम इत्यादि एकीकृत पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

**जनपदवार व्हाट्सएप ग्रुप :** प्रत्येक जनपद में समर्पित ग्रुप बनाए गए हैं, जहाँ छात्र, शिक्षक तथा आयोजक आपसी समन्वय में रहते हैं।

**घोषणाएँ एवं अपडेट्स :** समय–समय पर प्रतियोगिता से संबंधित सूचना वेबपोर्टल के नोटिस बोर्ड, व्हाट्सएप चैनल, फेसबुक पेज एवं अन्य सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित की जाती है।

**ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं संवाद :** संयोजकों को मार्गदर्शन देने हेतु वेबिनार, रिकॉर्डेड वीडियो तथा ई–सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

**यूट्यूब चैनल द्वारा सूचना एवं प्रसारण :** प्रतियोगिता से संबंधित समस्त अद्यतन जानकारियाँ तथा जनपद एवं मण्डल स्तर की प्रतियोगिताओं का प्रसारण–रिकॉर्डेड अथवा LIVE–समर्पित संयोजकों एवं संचालन समिति के सदस्यों द्वारा संचालित यूट्यूब चैनलों के माध्यम से किया जाता है। ये डिजिटल माध्यम प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण को सहभागी एवं दर्शकों तक सुलभ रूप में प्रस्तुत करते हैं।

**प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सहयोग :** प्रतियोगिता के प्रचार–प्रसार हेतु सभी स्तरों के संयोजक एवं संचालन समिति के सदस्य प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, यूट्यूब चैनलों, ब्लॉग लेखकों एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से सतत् संवाद स्थापित करते हुए सूचना का प्रसार सुनिश्चित करते हैं। इस बहुआयामी प्रचार प्रणाली के माध्यम से प्रतियोगिता को राज्यभर में व्यापक मान्यता एवं सहभागिता प्राप्त होती है।

### (ख) संचालन संरचना

प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु प्रत्येक जनपद, मंडल तथा राज्यस्तर पर बहुस्तरीय संगठनात्मक ढाँचा स्थापित किया गया है, जिसमें विभिन्न उत्तरदायित्व निर्धारित हैं :

**संचालन समिति :** राज्य स्तरीय संचालन समिति सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करती है एवं निगरानी करती है।

**जनपद संयोजक :** जनपद स्तर पर पंजीकरण, प्रचार तथा जनपद की प्रतियोगिता का समन्वय करते हैं।

**मंडल संयोजक :** अपने मंडल में आयोजित प्रतियोगिता का प्रचार तथा समन्वय करते हैं।

**राज्य प्रतियोगिता संयोजक :** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के संयोजन हेतु उत्तरदायी होते हैं।

**निर्णायक मण्डल :** संस्कृत के विशेषज्ञ, प्राध्यापक एवं विद्वान निर्णायक के रूप में नियुक्त किए जाते हैं, जो निष्पक्ष मूल्यांकन करते हैं। सटीक मूल्यांकन करने हेतु वेबिनार, नमूना प्रश्न पत्र तथा ई–सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

**आयोजक विद्यालय :** प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता किसी एक सुगठित विद्यालय/महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में संपन्न होती है, जिनके सहयोग से प्रतियोगिताएँ सम्पन्न करायी जाती हैं।

# संस्कृत प्रतिभा खोज : सफलता की ओर बढ़ता कदम

संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा **देश की सबसे बड़ी संस्कृत प्रतियोगिता** का आयोजन किया जाता है। यह प्रतियोगिता प्रतिभाओं को निखारने और संस्कृत के प्रति प्रेम बढ़ाने का अनूठा मंच प्रदान करती है।

## आवेदन की शुरुआत

प्रत्येक वर्ष **ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया** आरंभ होती है, जिसमें हजारों विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं।

## व्यापक आयोजन - जिला से राज्य स्तर तक

लगातार **चार माह तक, 95 विभिन्न स्थानों पर – जिला, मंडल एवं राज्य स्तर** पर भव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## ऑनलाइन अर्हता परीक्षा एवं डिजिटल सुविधाएँ

वर्ष में **दो बार**, लगभग **एक माह तक ऑनलाइन अर्हता परीक्षाएँ** आयोजित की जाती हैं, जिनमें **प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं निर्णायकों सहित 10,000+ व्यक्ति** सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

## ऑनलाइन प्रतिभागी प्रबोधन कार्यक्रम

आवेदन की शुरुआत से लेकर प्रतियोगिता की समाप्ति तक, समय–समय पर ऑनलाइन मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन किया जाता है। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को निम्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है जिसमें :

- आवेदन प्रक्रिया
- अर्हता परीक्षा एवं मुख्य प्रतियोगिता की तैयारी
- प्रतियोगिता स्थल तक आवागमन, आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी जाती है।

## अध्ययन सामग्री की आपूर्ति

प्रतियोगिता की प्रभावी तैयारी हेतु सभी स्तरों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली ऑडियो, वीडियो, आलेख एवं पीडीएफ सामग्री तैयार कर प्रतिभागियों को उपलब्ध कराई जाती है।

इस डिजिटल अध्ययन सामग्री के माध्यम से प्रतियोगी स्वनिर्देशित अभ्यास एवं गहन अध्ययन में समर्थ होते हैं।

## सशक्त आयोजन तंत्र

यह महत्त्वपूर्ण आयोजन **4 सदस्यीय संचालन समिति, 75 जनपद संयोजक, 18 मंडल संयोजक, 5 राज्य संयोजक, 93 विद्यालय/महाविद्यालय तथा राज्य के समर्पित पदाधिकारियों** के सहयोग से संचालित होता है।

## हमसे सम्पर्क करें

यदि आप **संस्कृत प्रतिभा खोज** के संयोजन, आयोजन, प्रचार–प्रसार, या किसी अन्य प्रकार की जानकारी के लिए हमारे साथ जुड़ना चाहते हैं, तो कृपया निम्न विवरण के साथ हमसे संपर्क करें :

### हमसे जुड़ने हेतु आवश्यक विवरण

• पूरा नाम • संपर्क पता • दूरभाष/मोबाइल नंबर • ईमेल (यदि हो) • संस्थान/विद्यालय (यदि कोई हो) • आपका जुड़ने का उद्देश्य (**जैसे** – स्वयंसेवक के रूप में, आयोजक के रूप में, सूचना प्रचार हेतु, या छात्र सहभागिता हेतु)

- **आपका योगदान** संस्कृत के उत्थान में सहायक सिद्ध होगा।
- **ऑनलाइन जुड़ने हेतु वेबपोर्टल** : https://upsanskritpratibhakhoj.com

आपके सहयोग की प्रतीक्षा में –

# संस्कृत प्रतिभा खोज पोर्टल के प्रमुख अनुभाग एवं सुविधाएँ

**वेबपोर्टल** : https://upsanskritpratibhakhoj.com

### 1. प्रतियोगिता के बारे में

इस अनुभाग में प्रतियोगिता की सूचना, प्रतियोगिता नियम, जिसमें रूपरेखा, स्तर, पाठ्यविषय, योग्यताएँ एवं तिथियाँ विस्तृत रूप से दी गई हैं।

### 2. ऑनलाइन आवेदन

प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण की सुविधा। सरल चरणों में व्यक्तिगत व शैक्षिक विवरण भरकर आवेदन किया जा सकता है।

### 3. अध्ययन सामग्री अनुभाग

यहाँ से पाठ्यक्रम, मॉडल प्रश्नपत्र, दिशानिर्देश इत्यादि PDF रूप में डाउनलोड किए जा सकते हैं। अर्हता परीक्षा तथा संस्कृत गीत प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता की तैयारी के लिए यहाँ विडियो तथा ऑडियो के ऑनलाइन लिंक उपलब्ध हैं।

### 4. नोटिस बोर्ड

अर्हता परीक्षा से संबंधित नवीनतम घोषणाएँ, परिणाम, तिथियों में परिवर्तन, दिशा–निर्देश एवं अन्य सूचनाएँ इस अनुभाग में नियमित रूप से अद्यतन की जाती हैं।

### 5. यात्रा विवरण (Travel Details)

प्रतियोगिता स्थल तक पहुँचने हेतु दिशा–निर्देश, यात्रा व्यवस्था व सहायता हेतु यह अनुभाग उपयोगी है। दूर–दराज के प्रतिभागी अपने यात्रा कार्यक्रम की सूचना इस अनुभाग पर देते हैं।

### 6. परिणाम

यहाँ से विभिन्न चरणों के प्रतियोगिता तथा अर्हता परीक्षा परिणाम सीधे देखे जा सकते हैं। साथ ही मेरिट सूची व चयनित विद्यार्थियों की जानकारी भी उपलब्ध होती है।

### 7. संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति

कक्षा 6–12 तक के प्रतिभाशाली छात्रों हेतु संस्कृत अध्ययन के लिए प्रोत्साहन वृत्तियाँ दी जाती हैं, जिनकी पात्रता व आवेदन प्रक्रिया इसी अनुभाग में उपलब्ध है।

### 8. भुगतान की स्थिति (Payment Status)

प्रतिभागी, निर्णायक तथा संयोजक अपने भुगतान की स्थिति ऑनलाइन देख सकते हैं। प्रदत्त बैंक विवरण का मिलान कर सकते हैं।

### 9. आर्काइव (Archives)

पूर्व वर्षों की प्रतियोगिताओं, प्रश्नपत्रों, परिणामों एवं अन्य दस्तावेजों का संकलन इस अनुभाग में संरक्षित है।

### 10. शिकायत/सुझाव (Feedback/Complaint)

यदि किसी प्रतिभागी को कोई समस्या हो अथवा वे सुझाव देना चाहें, तो वे इस अनुभाग के माध्यम से सीधा संपर्क कर सकते हैं।

### 11. प्रतियोगिता स्थल (Competition Centers)

इस अनुभाग में जनपद तथा मंडल पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता केंद्रों की सूची, उनके पते एवं प्रतियोगिता तिथि उपलब्ध होते हैं।

## 12. संपर्क करें

इस अनुभाग में प्रतियोगिता से सम्बन्धित जानकारी हेतु संयोजकों तथा संचालन समिति का दूरभाष, संस्कृत प्रतिभा खोज के संयोजन, आयोजन, प्रचार–प्रसार या किसी अन्य प्रकार की जानकारी के लिए जुड़ने के लिए सुविधा दी गई हैं।

## 13. बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)

प्रतियोगियों द्वारा सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्नों एवं उनके उत्तर यहाँ दिए गए हैं, जिससे उन्हें बिना प्रतीक्षा के आवश्यक जानकारी सरलता से प्राप्त हो सके। यह FAQ अनुभाग विभिन्न प्रमुख विषयों को समाहित करता है :

- **प्रतियोगिता से संबंधित प्रश्न**
  प्रतियोगिता की संरचना, चरण, आयोजन तिथि एवं स्थान आदि से संबंधित सामान्य जिज्ञासाओं के उत्तर।
- **आवेदन से संबंधित प्रश्न**
  ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, अंतिम तिथि आदि से जुड़े प्रश्न।
- **अर्हता परीक्षा से संबंधित प्रश्न**
  पात्रता मानदण्ड, परीक्षा पद्धति, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रक्रिया एवं चयन से संबंधित जानकारी।
- **पुरस्कार एवं यात्रा व्यय से संबंधित प्रश्न**
  विजेताओं को प्रदत्त पुरस्कार, प्रमाणपत्र, यात्रा व्यय अथवा आवास की सुविधा आदि के उत्तर।
- **वेब पोर्टल से संबंधित प्रश्न**
  पोर्टल पर पंजीकरण, मुख्य अनुभाग तथा उसपर उपलब्ध जानकारी, अथवा आवेदन में त्रुटि समाधान से जुड़े निर्देश।

यह वेबपोर्टल तकनीक व परंपरा का समन्वय है, जो संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार में एक क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है।

## ऑनलाइन आवेदन कैसे करें?

**(संस्कृत प्रतिभा खोज तथा संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति के लिए)**

**संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता** में भाग लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल, सरल एवं सुरक्षित है। आवेदन करने से पूर्व मोबाइल OTP सत्यापन अनिवार्य है।

### चरण 1 - वेबसाइट पर जाएँ

वेबपोर्टल खोलें : https://upsanskritpratibhakhoj.com

वेबपोर्टल के मुख्य पृष्ठ पर उपलब्ध 'आवेदन करें' विकल्प अथवा सीधे https://upsanskritpratibhakhoj.com/Apply.aspx लिंक पर जाएँ।

यहाँ संस्कृत प्रतिभा खोज एवं संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति से संबंधित सभी प्रतियोगिताओं की सूची प्रदर्शित होगी।

- यदि आप किसी प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं, तो संबंधित प्रतियोगिता के सामने दिए गए 'प्रतियोगिता के बारे में जानें' विकल्प पर क्लिक करें।
- प्रतियोगिता की पात्रता, नियमावली एवं अन्य आवश्यक जानकारी पढ़ने के उपरांत "Apply Now" पर क्लिक कर उसी प्रतियोगिता के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- यदि आपको प्रतियोगिता की जानकारी पूर्व से ज्ञात है, तो 'आवेदन करें' विकल्प पर क्लिक कर किसी भी प्रतियोगिता हेतु सीधे आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर सकते हैं।

## 2. आवेदन की शुरुआत - रजिस्ट्रेशन टाइप चुनें

- सबसे पहले वेबसाइट खोलें : https://upsanskritpratibhakhoj.com/Apply.aspx
- यहाँ पर "Registration Type" चुनना आवश्यक है :

### (A) पुराने आवेदक (Old Applicant)

- यदि आपने पिछले वर्ष प्रतियोगिता में आवेदन किया था, तो इस विकल्प को चुनें।
- **पूर्व वर्ष की आवेदन संख्या या 12 अंकों का आधार नंबर** दर्ज करें।
- आपको केवल अपने **पुराने फॉर्म में आवश्यक परिवर्तन** करने की सुविधा मिलेगी, जैसे :
    - कक्षा का अद्यतन
    - प्रतियोगिता नाम में परिवर्तन
- पूरा फॉर्म दोबारा भरने की आवश्यकता नहीं होती।
- अपना **सक्रिय मोबाइल नंबर** दर्ज करें।
- "OTP भेजें" पर क्लिक करें – मोबाइल पर प्राप्त OTP दर्ज करें – मोबाइल सत्यापन कर Login बटन पर क्लिक करें।
- इसके बाद आवश्यक संशोधन कर फॉर्म को अद्यतन करें।
- विवरण की पुनः जाँच करें और Submit बटन दबाएँ।

### (B) नए आवेदक (New Applicant)

- यदि आप पहली बार आवेदन कर रहे हैं, तो ''नया आवेदक'' चुनें।
- अपना **सक्रिय मोबाइल नंबर** दर्ज करें।
- ''OTP भेजें'' पर क्लिक करें – मोबाइल पर प्राप्त OTP दर्ज करें – मोबाइल सत्यापन करें। इसके पश्चात् आवेदन फॉर्म खुलेगा।
- अब पूरा आवेदन फॉर्म भरना होगा।

### आवेदन प्रगति (Application Progress)

ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र चार चरणों में विभाजित है। प्रत्येक चरण पूर्ण होने पर उसकी प्रगति प्रदर्शित होती रहती है, जिससे आवेदक यह जान सकता है कि आवेदन का कौन–सा भाग पूर्ण हो चुका है तथा कौन–सा भाग शेष है।

- **चरण 3 - स्तर (Level) का चयन करें**

  अपनी कक्षा के अनुसार स्तर चुनें – कक्षा 6–12 / स्नातक / स्नातकोत्तर।

- **चरण 4 - आवेदन फॉर्म भरें**

  **फॉर्म में निम्न विवरण भरें :**

- छात्र का नाम (हिंदी में)
- माता तथा पिता का नाम
- कक्षा, विद्यालय, जनपद
- जन्मतिथि, लिंग
- ईमेल (यदि हो)
- अध्ययनरत कक्षा का नाम

- **चरण 5 - बैंक विवरण भरें**

पुरस्कार एवं यात्रा व्यय की राशि भेजने हेतु **आवेदक अथवा उसके माता/पिता में से किसी एक का बैंक खाता विवरण भरना अनिवार्य है :**

- खाता धारक का नाम
- बैंक का नाम
- खाता संख्या
- IFSC कोड
- कृपया बैंक विवरण सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि राशि इसी खाते में भेजी जाएगी।

- **चरण 6 - दस्तावेज अपलोड करें**
    - निर्धारित फॉर्मेट में निम्न डॉक्यूमेंट अपलोड करें :
    - पासपोर्ट साइज फोटो
    - हस्ताक्षर

- **चरण 7 - आवेदन का अवलोकन, सत्यापन एवं अंतिम सबमिशन'**

1. सभी विवरण भरने एवं दस्तावेज अपलोड करने के उपरांत **Preview Form** पर क्लिक कर आवेदन पत्र का अवलोकन करें।
2. यदि किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई दे तो **Edit** विकल्प का उपयोग कर आवश्यक संशोधन करें।
3. आवेदन में अंकित नाम, बैंक विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें।
4. निर्धारित सत्यापन (✓) पर क्लिक करने के उपरांत **Submit** बटन दबाकर आवेदन को अंतिम रूप से जमा करें।
5. आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने पर पंजीकरण संख्या प्रदर्शित होगी तथा पंजीकरण संख्या सहित SMS आवेदन में दर्ज OTP वाले मोबाइल नंबर पर प्रेषित किया जाएगा।
6. आवेदन को प्रिंट करें एवं पंजीकरण संख्या भविष्य हेतु सुरक्षित रखें।

**महत्वपूर्ण बातें :**

- OTP सत्यापन के बिना फॉर्म नहीं खुलेगा।
- बैंक विवरण भरना अनिवार्य है – ध्यानपूर्वक भरें। ताकि पुरस्कार व यात्रा व्यय उसी खाते में भेजा जा सके।
- आवेदन करते समय सभी जानकारी सही व पूर्ण भरें।
- अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
- अंतिम तिथि से पहले आवेदन पूरा कर लें।
- पंजीकरण के बाद लॉगिन करके फॉर्म की स्थिति देख सकते हैं।
- सहायता हेतु या किसी भी समस्या के समाधान के लिए **संपर्क करें** अनुभाग में जाएँ

# संस्कृत प्रतिभा खोज

## संस्कृत प्रतिभा खोज आवेदन एवं जनपद संयोजक का विवरण

| जनपद का नाम | वर्ष | संयोजक नाम | कुल आवेदन | जनपद का नाम | वर्ष | संयोजक नाम | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंबेडकर नगर | 2023 | श्री आनन्द कुमार वर्मा | 83 | कानपुर देहात | 2023 | श्री गणेश प्रसाद गर्ग | 111 |
| | 2024 | | 91 | | 2024 | सुश्री शिवांगी | 110 |
| | 2025 | | 62 | | 2025 | | 108 |
| अमरोहा | 2023 | डॉ.अरविन्द कुमार | 154 | कानपुर नगर | 2023 | श्री दिनेश कुमार मिश्र | 318 |
| | 2024 | | 77 | | 2024 | | 146 |
| | 2025 | | 88 | | 2025 | | 118 |
| अमेठी | 2023 | श्री शिवदर्शन | 133 | कासगंज | 2023 | श्री लोकेन्द्र देव आर्य | 95 |
| | 2024 | | 62 | | 2024 | | 77 |
| | 2025 | श्री शिव प्रसाद त्रिपाठी | 72 | | 2025 | | 120 |
| अयोध्या | 2023 | डा. अशोक कुमार पाण्डेय | 74 | कुशीनगर | 2023 | डॉ. अवधेश कुमार द्विवेदी | 60 |
| | 2024 | डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय | 53 | | 2024 | डॉ.अरविन्द तिवारी | 80 |
| | 2025 | श्री दीपू कुमार पाण्डेय | 74 | | 2025 | | 84 |
| अलीगढ़ | 2023 | डॉ. प्रभा शंकर शुक्ल | 339 | कौशाम्बी | 2023 | श्री बृज बिहारी मिश्र | 96 |
| | 2024 | | 160 | | 2024 | | 72 |
| | 2025 | | 112 | | 2025 | | 118 |
| आगरा | 2023 | डॉ. वर्षा रानी | 129 | गाजियाबाद | 2023 | श्री दीपक मिश्रा | 275 |
| | 2024 | | 76 | | 2024 | | 250 |
| | 2025 | | 74 | | 2025 | | 114 |
| आजमगढ़ | 2023 | संचालन समिति | 33 | गाजीपुर | 2023 | संचालन समिति | 57 |
| | 2024 | डॉ.राकेश उपाध्याय | 80 | | 2024 | रिक्त | 0 |
| | 2025 | | 98 | | 2025 | श्री आयुष तिवारी | 73 |
| इटावा | 2023 | श्री गौरव गुप्ता | 119 | गोंडा | 2023 | श्री आशुतोष मिश्र | 53 |
| | 2024 | | 135 | | 2024 | रिक्त | 6 |
| | 2025 | | 84 | | 2025 | श्री रूपनारायण सिंह | 19 |
| उन्नाव | 2023 | डॉ. अनीता दीक्षित | 143 | गोरखपुर | 2023 | डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र | 386 |
| | 2024 | | 86 | | 2024 | | 136 |
| | 2025 | | 66 | | 2025 | | 106 |
| एटा | 2023 | डॉ. मुकुल देव | 190 | गौतम बुद्ध नगर | 2023 | डॉ. शिखा रानी | 304 |
| | 2024 | | 115 | | 2024 | रिक्त | 4 |
| | 2025 | | 81 | | 2025 | श्री शिवप्रताप यादव | 6 |
| औरैया | 2023 | डॉ. गोविन्द कुमार | 190 | चंदौली | 2023 | श्री विशाल मिश्र | 113 |
| | 2024 | | 126 | | 2024 | | 85 |
| | 2025 | | 71 | | 2025 | | 60 |
| कन्नौज | 2023 | श्री अवधेश कुमार मिश्र | 70 | चित्रकूट | 2023 | डॉ. विजय कुमार पयासी | 193 |
| | 2024 | | 113 | | 2024 | | 46 |
| | 2025 | श्री सुशील कुमार तिवारी | 68 | | 2025 | | 48 |

| जनपद का नाम | वर्ष | संयोजक नाम | कुल आवेदन | जनपद का नाम | वर्ष | संयोजक नाम | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जालौन | 2023 | डॉ. पूर्णेन्दु मिश्र | 105 | बलिया | 2023 | डा. अरबिन्द राय | 208 |
| | 2024 | डॉ. सर्वेश कुमार शांडिल्य | 138 | | 2024 | | 104 |
| | 2025 | | 121 | | 2025 | | 61 |
| जौनपुर | 2023 | श्री शिवानन्द चौबे | 236 | बस्ती | 2023 | डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय | 151 |
| | 2024 | | 68 | | 2024 | | 19 |
| | 2025 | सुश्री सौम्या सिंह | 68 | | 2025 | श्री आशुतोष शुक्ल | 17 |
| झांसी | 2023 | श्री मनीष पाठक | 115 | बहराइच | 2023 | श्री सुनील कुमार तिवारी | 156 |
| | 2024 | डॉ. स्तुति गोस्वामी | 76 | | 2024 | श्री अमरेश कुमार तिवारी | 144 |
| | 2025 | | 54 | | 2025 | | 100 |
| देवरिया | 2023 | डॉ. अजय कुमार शुक्ल | 549 | बांदा | 2023 | श्री राम भवन तिवारी | 151 |
| | 2024 | डॉ. शशिशेखर मिश्र | 95 | | 2024 | डॉ. जानकीशरण शुक्ल | 103 |
| | 2025 | | 107 | | 2025 | | 102 |
| पीलीभीत | 2023 | श्री विश्राम सिंह | 102 | बागपत | 2023 | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार | 128 |
| | 2024 | | 60 | | 2024 | | 95 |
| | 2025 | | 67 | | 2025 | | 90 |
| प्रतापगढ़ | 2023 | श्री शिव धर नाथ पाण्डेय | 203 | बाराबंकी | 2023 | श्री रंजीत कुमार | 133 |
| | 2024 | | 104 | | 2024 | | 87 |
| | 2025 | | 100 | | 2025 | | 64 |
| प्रयागराज | 2023 | डॉ. शम्भु नाथ त्रिपाठी | 147 | बिजनौर | 2023 | श्री राजवीर सिंह त्यागी | 156 |
| | 2024 | श्री अनन्त कीर्ति त्रिपाठी | 87 | | 2024 | श्री चन्द्रशेखर पाठक | 88 |
| | 2025 | | 92 | | 2025 | | 24 |
| फतेहपुर | 2023 | डॉ. यीश नारायण द्विवेदी | 187 | बुलन्दशहर | 2023 | डॉ. लक्ष्मण सिंह | 181 |
| | 2024 | | 151 | | 2024 | | 84 |
| | 2025 | | 104 | | 2025 | | 56 |
| फर्रूखाबाद | 2023 | डॉ. दिव्या शुक्ला | 202 | भदोही | 2023 | डॉ. ऋचा | 160 |
| | 2024 | | 87 | | 2024 | | 186 |
| | 2025 | | 76 | | 2025 | | 56 |
| फिरोजाबाद | 2023 | श्री अभिषेक तिवारी | 110 | मऊ | 2023 | श्री बापूनन्दन मिश्र | 133 |
| | 2024 | | 50 | | 2024 | डॉ. अवनीन्द्र कुमार पाण्डेय | 71 |
| | 2025 | | 63 | | 2025 | श्री मनकामेश्वर तिवारी | 52 |
| बदायूँ | 2023 | श्री वेद मित्र आर्य | 84 | मथुरा | 2023 | डॉ. बलराम दास | 118 |
| | 2024 | | 45 | | 2024 | डॉ. रामदत्त मिश्र | 16 |
| | 2025 | | 36 | | 2025 | श्री श्याम सुन्दर | 94 |
| बरेली | 2023 | डॉ. सुशीला कुमारी | 293 | महाराजगंज | 2023 | डॉ. राकेश कुमार तिवारी | 513 |
| | 2024 | | 69 | | 2024 | | 316 |
| | 2025 | | 108 | | 2025 | | 257 |
| बलरामपुर | 2023 | श्री देव मित्र त्रिपाठी | 74 | महोबा | 2023 | श्री कृष्ण बिहारी रिछारिया | 38 |
| | 2024 | | 21 | | 2024 | | 84 |
| | 2025 | श्री अनिल कुमार द्विवेदी | 84 | | 2025 | | 47 |

| जनपद का नाम | वर्ष | संयोजक नाम | कुल आवेदन | जनपद का नाम | वर्ष | संयोजक नाम | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 2023 | डॉ. प्रभात कुमार सिंह | 316 | श्रावस्ती | 2023 | श्री अमरेश धर द्विवेदी | 93 |
| | 2024 | डॉ. अखिलेश नारायण मिश्र | 159 | | 2024 | श्री रवि प्रताप गुप्ता | 83 |
| | 2025 | | 110 | | 2025 | | 53 |
| मुजफ्फरनगर | 2023 | श्री गिरीश चन्द्र उप्रेती | 229 | संत कबीर नगर | 2023 | श्री अमित कुमार पाण्डेय | 67 |
| | 2024 | | 216 | | 2024 | डॉ. राजनाथ | 50 |
| | 2025 | | 110 | | 2025 | आचार्य उपेन्द्र पाण्डेय | 14 |
| मुरादाबाद | 2023 | डॉ. अंजली उपाध्याय | 206 | सम्भल | 2023 | श्री संजीत सिंह | 89 |
| | 2024 | | 39 | | 2024 | | 79 |
| | 2025 | | 93 | | 2025 | | 30 |
| मेरठ | 2023 | श्री रविकांत शर्मा | 171 | सहारनपुर | 2023 | श्री अनिल कुमार पाण्डेय | 341 |
| | 2024 | | 140 | | 2024 | | 234 |
| | 2025 | | 86 | | 2025 | | 125 |
| मैनपुरी | 2023 | श्री श्याम जी दीक्षित | 40 | सिद्धार्थनगर | 2023 | श्री वृजेश कुमार पाण्डेय | 86 |
| | 2024 | | 35 | | 2024 | | 44 |
| | 2025 | सुश्री काव्यांशी मिश्रा | 57 | | 2025 | | 55 |
| रामपुर | 2023 | श्रीमती सुनीता देवी | 93 | सीतापुर | 2023 | श्री हरिओम शुक्ल | 437 |
| | 2024 | | 129 | | 2024 | | 71 |
| | 2025 | | 80 | | 2025 | सुश्री महक गुप्ता | 45 |
| रायबरेली | 2023 | श्री अमित कुमार शुक्ल | 89 | सुल्तानपुर | 2023 | श्री दिनेश नारायण शुक्ल | 77 |
| | 2024 | श्री जगद्धर नाथ पाण्डेय | 17 | | 2024 | | 49 |
| | 2025 | डॉ. प्रदीप कुमार त्रिपाठी | 58 | | 2025 | | 42 |
| लखनऊ | 2023 | श्री आशुतोष त्रिवेदी | 428 | सोनभद्र | 2023 | श्री लव शुक्ला | 326 |
| | 2024 | डॉ. सरिता श्रीवास्तव | 150 | | 2024 | श्री विवेक कुमार पाण्डेय | 157 |
| | 2025 | कु. मन्तशा जहाँ | 224 | | 2025 | | 129 |
| लखीमपुर खीरी | 2023 | श्री पवन कुमार | 127 | हमीरपुर | 2023 | श्री हरि ओम चतुर्वेदी | 133 |
| | 2024 | | 52 | | 2024 | | 64 |
| | 2025 | | 74 | | 2025 | | 43 |
| ललितपुर | 2023 | डॉ. दीपक कुमार पाठक | 180 | हरदोई | 2023 | डॉ. ओजोव्रत शास्त्री | 282 |
| | 2024 | | 74 | | 2024 | | 87 |
| | 2025 | | 59 | | 2025 | | 56 |
| वाराणसी | 2023 | श्री प्रेम नारायण त्रिपाठी | 297 | हाथरस | 2023 | श्रीमती बीना आर्या | 273 |
| | 2024 | | 107 | | 2024 | | 146 |
| | 2025 | | 130 | | 2025 | | 85 |
| शामली | 2023 | श्री रमेश चन्द्रा | 198 | हापुड़ | 2023 | श्री प्रदीप कुमार | 72 |
| | 2024 | | 135 | | 2024 | | 56 |
| | 2025 | | 107 | | 2025 | | 106 |
| शाहजहाँपुर | 2023 | श्री चन्दन कुमार आर्य | 256 | | | वर्ष 2023 | 13,257 |
| | 2024 | | 135 | | | वर्ष 2024 | 7,142 |
| | 2025 | | 109 | | | वर्ष 2025 | 6,104 |
| | | | | | | कुल महायोग (Grand Total) | **26,503** |

# संस्कृत प्रतिभा खोज आवेदन एवं मण्डल संयोजक का विवरण

| मण्डल का नाम | वर्ष | संयोजक नाम | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|
| अयोध्या | 2023 | श्री अशोक कुमार पाण्डेय | 49 |
| | 2024 | श्री मनमोहन उपाध्याय | 40 |
| | 2025 | श्री मनीष देव | 46 |
| अलीगढ़ | 2023 | डॉ. प्रभा शंकर शुक्ल | 48 |
| | 2024 | डॉ. प्रभा शंकर शुक्ल | 36 |
| | 2025 | डॉ. प्रभा शंकर शुक्ल | 42 |
| आगरा | 2023 | डॉ. वर्षा रानी | 48 |
| | 2024 | डॉ. वर्षा रानी | 27 |
| | 2025 | डॉ. वर्षा रानी | 49 |
| आजमगढ़ | 2023 | डॉ. अवनीन्द्र कुमार पाण्डेय | 33 |
| | 2024 | डॉ. अवनीन्द्र कुमार पाण्डेय | 37 |
| | 2025 | डॉ. अवनीन्द्र कुमार पाण्डेय | 36 |
| कानपुर | 2023 | श्री दिनेश कुमार मिश्र | 77 |
| | 2024 | श्री दिनेश कुमार मिश्र | 53 |
| | 2025 | श्री दिनेश कुमार मिश्र | 42 |
| गोरखपुर | 2023 | डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र | 51 |
| | 2024 | डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र | 41 |
| | 2025 | डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र | 50 |
| चित्रकूट | 2023 | श्री हरिओम चतुर्वेदी | 42 |
| | 2024 | डॉ. विजय कुमार पयासी | 37 |
| | 2025 | डॉ. विजय कुमार पयासी | 38 |
| झांसी | 2023 | श्री रेवती रमण त्रिपाठी | 28 |
| | 2024 | डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य | 26 |
| | 2025 | डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य | 33 |
| देवीपाटन | 2023 | श्री अमरेश धर द्विवेदी | 36 |
| | 2024 | श्री अमरेश धर द्विवेदी | 26 |
| | 2025 | श्री अमरेश धर द्विवेदी | 33 |
| प्रयागराज | 2023 | डॉ. यीश नारायण द्विवेदी | 45 |
| | 2024 | श्री अनन्त कीर्ति त्रिपाठी | 44 |
| | 2025 | श्री अनन्त कीर्ति त्रिपाठी | 59 |
| बरेली | 2023 | डॉ. सुशीला कुमारी | 49 |
| | 2024 | डॉ. सुशीला कुमारी | 36 |
| | 2025 | डॉ. सुशीला कुमारी | 42 |
| बस्ती | 2023 | श्री सत्यनारायण पाण्डेय | 29 |
| | 2024 | श्री बृजेश कुमार पाण्डेय | 13 |
| | 2025 | श्री बृजेश कुमार पाण्डेय | 26 |
| मुरादाबाद | 2023 | डॉ. अंजली उपाध्याय | 62 |
| | 2024 | डॉ. अंजली उपाध्याय | 38 |
| | 2025 | डॉ. अंजली उपाध्याय | 43 |
| मेरठ | 2023 | श्री रविकांत शर्मा | 80 |
| | 2024 | श्री रविकांत शर्मा | 44 |
| | 2025 | श्री प्रदीप कुमार | 58 |
| लखनऊ | 2023 | श्री विनोद कुमार | 62 |
| | 2024 | डॉ. सरिता श्रीवास्तव | 42 |
| | 2025 | डॉ. सरिता श्रीवास्तव | 72 |
| वाराणसी | 2023 | श्री प्रेम नारायण त्रिपाठी | 57 |
| | 2024 | डॉ. जितेन्द्र कुमार तिवारी | 40 |
| | 2025 | डॉ. जितेन्द्र कुमार तिवारी | 38 |
| विन्ध्याचल | 2023 | डॉ. प्रभात कुमार सिंह | 32 |
| | 2024 | डॉ. अखिलेश नारायण मिश्र | 26 |
| | 2025 | डॉ. अखिलेश नारायण मिश्र | 44 |
| सहारनपुर | 2023 | श्री अनिल कुमार पाण्डेय | 37 |
| | 2024 | श्री अनिल कुमार पाण्डेय | 28 |
| | 2025 | श्री अनिल कुमार पाण्डेय | 34 |
| | | **वर्ष 2023** | **865** |
| | | **वर्ष 2024** | **634** |
| | | **वर्ष 2025** | **785** |
| | | **कुल महायोग (Grand Total)** | **2,284** |

## संस्कृत प्रतिभा खोज आवेदन एवं राज्य संयोजक का विवरण

**वर्ष 2025**

| राज्य संयोजक का नाम | प्रतियोगिता का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| श्री दीपक मिश्रा | संस्कृत गीत प्रतियोगिता | 36 |
| श्री दीपक मिश्रा | श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता | 368 |
| श्री दीपक मिश्रा | संस्कृत भाषण प्रतियोगिता | 103 |
| श्री पवन कुमार | अष्टाध्यायी कंठस्थपाठ प्रतियोगिता | 84 |
| श्रीमती शिवांगी | अमरकोश कंठस्थपाठ प्रतियोगिता | 56 |
| सुश्री महक गुप्ता | लघुसिद्धान्तकौमुदी कंठस्थपाठ प्रतियोगिता | 77 |
| सुश्री महक गुप्ता | श्रुतलेखन प्रतियोगिता | 82 |
| डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी | तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतियोगिता | 140 |
| श्री विवेक कुमार पाण्डेय | संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (युवा वर्ग) | 25 |
| श्री विवेक कुमार पाण्डेय | संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (बाल वर्ग) | 36 |

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रसंग गीत

## विलसति संस्कृतप्रतिभा

विलसति संस्कृतप्रतिभा
विलसतिसंस्कृतप्रतिभा
संस्कृतप्रतिभान्वेषणलग्ना भव्या मित्र! मनोज्ञा
प्रेरयन्ति सद्गुरवः शिष्यान् नितरां गन्तुं विज्ञाः।
दिशि दिशि विद्यालयतो वटवश्चलितास्सन्ति श्रुताभाः
विलसति संस्कृतप्रतिभा
विलसति संस्कृतप्रतिभा

पश्य पश्य सज्ज्ञानवनेऽस्मिन् गुञ्जति प्रतिभागानम्
अहो वटूनां वाणी कुरुते बाणभट्टसम्मानम्।
सुखिनो दृष्ट्वा हन्त पूर्वजा मोदन्ते दिव्याभाः
विलसति संस्कृतप्रतिभा
विलसति संस्कृतप्रतिभा

श्लोकानामुच्चारणमेतद् हरते चेतोऽस्माकम्
ब्रुवते गुरवो वाहवाह इति प्रेरकवचनं साकम्।
अन्नंभट्टामरपाणिनिरचनानां हन्त जिताभा
विलसति संस्कृतप्रतिभा
विलसति संस्कृतप्रतिभा


व्यासगणेशविरचिता भाषा जीवति लेखे वन्द्या
मुदिता वयं भवामो दृष्ट्वा प्रतिभामेषां धन्या
संस्कृतिसंस्कृतरक्षणहेतोर्विलसतु राष्ट्रनवाभा
विलसति संस्कृतप्रतिभा
विलसति संस्कृतप्रतिभा

— अरविन्द तिवारी


## संचालन समिति के सदस्यों के नाम तथा दूरभाष

| | |
|---|---|
| डॉ. नवलता | 9451077286 |
| श्री लव शुक्ला | 9058513003 |
| डॉ. चन्द्रकान्त दत्त शुक्ल | 8318867067 |
| डॉ. खगेन्द्र कुमार मिश्र | 9415366861 |
| श्री जगदानन्द झा (समन्वयक, संचालन समिति) | 7388883306 |


कक्षावार छात्र संख्या (बाल वर्ग)





मण्डलवार छात्र संख्या




बोर्ड तथा विश्वविद्यालय वार




प्रतियोगिता वार छात्र संख्या






संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहनवृत्ति वितरण समारोह 2025



संस्कृत प्रतिभा खोज राज्यस्तरीय प्रतियोगिता (द्वितीय चरण)
का पुरस्कार वितरण समारोह 2025

## सम्पर्क सूत्र

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्

संस्कृत भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226007

0522-2780251

https://upsanskritpratibhakhoj.com/

upsanskritpratibhakhoj@gmail.com